प्रादेशिक समाचार

15.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की आज दूसरे दिन भी अध्यक्षता कर रहे हैं। तीन दिन का यह सम्मेलन बीते शुक्रवार को शुरू हुआ था। श्री मोदी आज सम्मेलन के समापन सत्र को भी संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच भागीदारी को अधिक मजबूत करना और तेजी से वृद्धि तथा विकास के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इस बैठक में झारखण्ड समेत सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

*******************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने माओवादियों से हथियार डालने और समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की है। आज रायपुर में एक कार्यक्रम के दौरान श्री शाह ने कहा कि नक्सलियों को राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाना चाहिए।

*******************

राज्य के उद्योग, कौशल विकास और श्रम मंत्री संजय यादव ने कहा है कि इंडी गठबंधन की सरकार ने विधानसभा चुनाव के वक्त जितने वादे किए थे, उन सबको पूरा किया जाएगा। श्री यादव ने आज देवघर में कहा कि विभाग के पदाधिकारी और कर्मियों को ईमानदारी और मेहनत के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे स्थानीय श्रमिकों का विकास हो सकेगा।

*******************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग,जेएसएससी के द्वारा आयोजित संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, सीजीएल के सफल अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच कल से शुरू होगी। इस बीच इस परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के विरोध में छात्रों का समूह कल आयोग के कार्यालय का घेराव करेगा। इसके लिए राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में छात्रों का रांची पहुंचना शुरू हो गया है। छात्रों के विरोध को देखते हुए पुलिस ने विभिन्न जगहों पर बैरिकेडस लगा दिए हैं। हालांकि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों की जांच अपराध अनुसंधान विभाग, सीआईडी से कराने के निर्देश दे दिए हैं।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आरोप लगाया है कि जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे खुद उनकी संलिप्तता है। बाबूलाल ने इस मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है।

*******************

सरायकेला स्थित चांडिल थाना के प्रभारी को पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने निलम्बित कर दिया है। थाना प्रभारी पर आम लोगों से दुर्व्यवहार के आरोप लगे थे जो जांच में सही पाए गए।।

*******************

सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा, जिले के पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार और सिविल सर्जन रामदेव पासवान ने संयुक्त रूप से आज सिमडेगा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक निजी अस्पताल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जूझ रहे आदिवासी बहुल सिमडेगा जिले के लोगों को इस अस्पताल से काफी लाभ मिलेगा।

*******************

लोहरदगा जिले से पुलिस ने विभिन्न लूट कांडों में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमा ने आज बताया कि ये सभी अपराधी जुरिया इलाके में एक मकान में लूट की योजना बना रहे थे। इनके पास से दो बंदूक, गोलियां, एक लैपटॉप, एक मोटरसाइकिल और चार मोबाइल फोन सहित कई अन्य सामान बरामद हुए हैं।

*******************

चतरा जिले में आयोजित इस वर्ष के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत में एक हजार छह सौ छब्बीस मामलों का निष्पादन किया गया।

*******************

राज्य में लगातार बह रही उत्तरी–पछुआ हवाओं ने कनकनी बढ़ा दी है, जिस कारण राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची से सटे मैक्लुसकीगंज में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री जबकि कांके का न्यूनतम तापमान तीन दशमलव तीन डिग्री रहा। मौसम विभाग ने बढ़ते ठंढ को देखते हुए लोगों से सर्तकता बरतने की अपील की है।

*******समाप्त***********